# अर्थशास्त्र

# Top 100 MCQs

## [ अति महत्वपूर्ण बहुविकल्पीय प्रश्न]

1. व्यष्टि आर्थिक चर का उदाहरण है:-
   a) थोक कीमत सूचकांक का
   b) राष्ट्रीय आय
   c) बाजार मांग
   d) समग्र मांग
2. वास्तविक अर्थशास्त्र में वे कथन शामिल होते है जिनकी:
   a) सत्यता की जांच की जा सकती है
   b) सत्यता की जांच नहीं की जा सकती है
   c) सत्यता की जांच की भी जा सकती है और नही भी
   d) इनमें से कोई नहीं
3. रूपांतरण वक्र का आकार परिवर्तित होता है:
   a) अवसर लागत के कारण
   b) कुल लागत के कारण
   c) सीमांत अवसर लागत के कारण
   d) इनमे से कोई नहीं
4. किसने कहा कि अर्थशास्त्र " अर्थशास्त्र धन का विज्ञान है" ?
   a) मार्शल
   b) रॉबिंस
   c) एडम स्मिथ
   d) जे के मेहता

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

अर्थशास्त्र के सभी विषयों एवं कक्षाओं के नोट्स, प्रश्नोत्तर, सैंपल पेपर, वस्तुनिष्ठ प्रश्न, विगत वर्षों के प्रश्नपत्र, अभ्यास प्रश्नपत्र (हिंदी या अंग्रेजी माध्यम) के PDF आपको www.theeconomicsguru.com पर मिल जायेंगे।

इसके साथ ही सभी हिंदी माध्यम तथा अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिए Free **LIVE CLASS** भी उपलब्ध है, हमारे **YOUTUBE CHANNEL "THE ECONOMICS GURU"** पर । अभी **subscribe** कर लीजिये और ज्यदा से ज्यादा **शेयर** कर दीजिये अपने दोस्तों के बीच।

किसी भी प्रकार की समस्या के लिए आप हमसे सम्पर्क कर सकते है, YOUTUBE के कमेंट बॉक्स में कमेन्ट करें या वेबसाइट के Email वाले Option में जाकर **Email** करे या WhatsApp कर सकते है Website में लिंक दिया गया है।

धन्यवाद

नकुल ढाली

The Economics Guru

लाभार्थी बोर्ड:

CBSE, UK Board, UP Board, Bihar Board, MP Board, CG Board, Rajasthan Board, Haryana Board

साथ ही **BA; B.COM; MA** के सभी SEMESTER लिए भी अध्ययन सामग्री उपलब्ध है।

अभी VISIT करें www.theeconomicsguru.com

5.
6.

**Subscribe** my **YOUTUBE** channel **THE ECONOMICS GURU**

**Follow me:**

**Facebook**- *Nakul Dhali*

**Instagram**- *@dhali_sir*

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

7. आर्थिक समस्या मूलत: किस तथ्य की समस्या है?

a) चुनाव की

b) उपभोक्ता चयन की

c) फर्म चयन की

d) इनमें से कोई नहीं

8. जब कुल तुष्टिगुण (उपयोगिता) अधिकतम होता है तब सीमांत तुष्टिगुण:

a) शून्य होता है

b) औसत तुष्टिगुण से कम होता है

c) औसत तुष्टिगुण से समान होता है

d) औसत तुष्टिगुण से अधिक होता है

9. सामान्यत: उपभोग में वृद्धि होने पर सीमांत उपयोगिता:

a) बढ़ती है

b) घटती है

c) अपरिवर्तित रहती है

d) प्रारंभ में घटती है अंतत: बढ़ती है

10. गिफिन वस्तुएं किस प्रकार की होती है?

a) सामान्य

b) निकृष्ट

c) विशिष्ट

d) श्रेष्ठ

11. निम्न में से कौन सा कथन सत्य है:

a) मांग का नियम एक मात्रात्मक कथन है

b) मांग का नियम एक गुणात्मक कथन है

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

c) मांग का नियम विलासिता की वस्तुओं पर लागू नहीं होता है

d) इनमे से कोई नहीं

12. यदि एक वस्तु की मांग पूर्णतया बेलोचदार है, तो कीमत बढ़ जानें से वस्तु की मांग होगी:

a) न्यूनतम

b) अपरिवर्तन

c) शून्य

d) अधिकतम

13. सीमांत उत्पाद वक्र होता है:

a) U-आकार का वक्र

b) विपरीत U- आकार का वक्र

c) रेकटेंगुलर हाइपरबोला

d) इनमें से कोई नहीं

14. जब कुल उत्पाद 100 इकाइयां है तथा परिवर्ती कारक की इकाइयां 4 है तो औसत उत्पाद होगा:

a) 25

b) 400

c) 96

d) 104

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

15. जब एक परिवर्ती कारक की अधिक से अधिक इकाइयां स्थिर कारक के साथ संयोजित होती है तो संबंधित नियम को कहा जाता है:

a) परिवर्ती अनुपात का नियम

b) पैमाने के बढ़ते प्रतिफल का नियम

c) पैमाने के घटते प्रतिफल का नियम

d) पैमाने के समान प्रतिफल का नियम

16. इनमे से कौन सा परिवर्ती अनुपात के नियम के लागू होने का कारण है?

a) कई कारकों का स्थिर होना

b) कई कारकों का दूसरों की तुलना में कुशल होना

c) कारकों का विशिष्टिकरण

d) इनमे से कोई नहीं

17. अल्पकालीन उत्पादन फलन संबंधित है:

a) परिवर्ती अनुपात के नियम से

b) पैमाने के प्रतिफल से

c) दोनो a तथा b

d) इनमें से कोई नहीं

18. निम्नलिखित में से किसे उत्पादन की स्थिर लागत में सम्मिलित किया जाता है?

a) कच्चे माल की कीमत

b) अस्थाई श्रमिकों की मजदूरी

c) फैक्ट्री भवन का किराया

d) इनमें से सभी

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

19. उत्पादन फलन को व्यक्त करता है:

a) Qx = Px

b) Qx = f ( A,B,C,D)

c) Qx = Dx

d) इनमें से कोई नहीं

20. मौद्रिक लागत में निम्नलिखित में किसे सम्मिलित किया जाता है?

a) सामान्य लाभ

b) व्यक्त लागतें

c) अव्यक्त लागते

d) उपरोक्त सभी

21. निम्नलिखित में सही अंकित कीजिए:

a) TVC = TC – TFC
b) TC = TVC – TFC
c) TFC = TVC + TC
d) TC = TVC × TFC

22. अवसर लागत का वैकल्पिक नाम है:

a) आर्थिक लागत

b) संतुलित मूल्य

c) सीमांत लागत

d) औसत लागत

23. उत्पादन में साधन क्या है?

a) भूमि

b) श्रम

c) पूंजी

d) ये सभी

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

24. जब वस्तु की बेची गई प्रत्येक इकाई की कीमत समान होती है तो वस्तु की औसत आय उसकी:

a) कीमत से कम होती है

b) कीमत के बराबर होती है

c) कीमत से अधिक होती है

d) उपरोक्त में से कोई नहीं

25. आगम से तात्पर्य है:

a) वस्तु की बिक्री से प्राप्त होने वाली आय

b) सीमांत आगम

c) साधनों की बिक्री से प्राप्त होने वाली आय

d) औसत आगम

26. पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत किसी फर्म की सीमांत आगम होती है:

a) औसत आगम से अधिक

b) औसत आगम से कम

c) औसत आगम के बराबर

d) इनमें से कोई नहीं

27. औसत लागत वक्र अंग्रेजी वर्णमाला के निम्नलिखित अक्षर

a) 'U' के आकार का होता है

b) 'V' के आकार का होता है

c) 'C' के आकार का होता है

d) इनमे से कोई नहीं

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

28. जब फर्म केवल परिवर्ती लागत ही निकल पाती हैं तो ऐसा होता है:

a) समविच्छेद बिंदु पर

b) संतुलन बिंदु पर

c) उत्पादन बंद करने वाले बिंदु पर

d) इनमें से कोई नहीं

29. कुल संप्राप्ति (TR) और कुल लागत (TC) के बीच अंतर तब अधिकतम होता है जब:

a) AR = MR
b) MR = MC
c) MR = AC
d) MC = AC

30. पूर्ण प्रतियोगता में, उत्पादक संतुलन की अवस्था तब प्राप्त करता है जब:

a) AR= MR=AC और AC बढ़ती है
b) AR= MR=MC और MC गिरती है
c) AR= MR=MC और MC बढ़ती है
d) AR= MR=TC और TC बढ़ती है

31. जब वस्तु की कीमत में 15% वृद्धि होने के कारण पूर्ति की गई मात्रा में 10% की वृद्धि होती है तो पूर्ति की लोच है:

a) लोचदार
b) बेलोचदार
c) पूर्णतया लोचदार
d) पूर्णतया बेलोचदार

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

32. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

a) पूर्ति तथा स्टॉक में अंतर होता है
b) पूर्ति सरकार की कर नीति पर निर्भर करती है
c) स्टॉक से अभिप्राय इस मात्रा से है जो बाजार में बिकने के लिए आती है
d) स्टॉक तथा पूर्ति हमेशा बराबर होते है।

33. पूर्ति के नियम के अनुसार:

a) पूर्ति तथा कीमत के बीच धनात्मक संबंध होता है

b) पूर्ति तथा कीमत के बीच ऋणात्मक संबंध होता है

c) पूर्ति तथा कीमत के बीच स्थिर संबंध होता है

d) पूर्ति तथा कीमत के बीच कोई संबंध नहीं होता है।

34. एक फर्म दीर्घकाल में भी, असामान्य लाभ अर्जित कर सकती है :

A) पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत

B) एकाधिकार के अंतर्गत

C) एकाधिकारी प्रतियोगिता के अंतर्गत

D)उपरोक्त सभी

35. पूर्ण प्रतियोगिता की स्थिति में उद्योग में सभी फर्मों की वस्तुएं -

A) केवल निकटतम स्थानापन्न होती है

B) विज्ञापन आधारित निकटतम स्थानापन्न होती है

C) विज्ञापन आधारित विभेदीकृत होती है

D) एक - दुसरे के पूर्ण प्रतिस्थापक होती है

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

36. एक ही वस्तु के लिए विभिन्न क्रेताओं से भिन्न भिन्न कीमतें वसूल करना कहलाता है -

A) कीमत विस्तार

B) कीमत संकुचन

C) कीमत विभेद

D) कीमत नियंत्रण

37. उपभोक्ताओं की संख्या में कमी होने के कारण-

A) संतुलन कीमत बढ जाती है

B) संतुलन कीमत घट जाती है

C) संतुलन कीमत में कोई परिवर्तन नहीं होता है

D) इनमे से कोई नहीं

38. जब मांग और पूर्ति दोनों वक्रो में खिसकाव समानुपात में मांग एवं पूर्ति में वृद्धि को व्यक्त करता है तब -

A) केवल संतुलन कीमत अपरिवर्तित रहती है

B) केवल संतुलन मात्रा अपरिवर्तित रहती है

C) संतुलन कीमत अपरिवर्तित रहती है परन्तु संतुलन मात्रा घटती है

D) संतुलन कीमत अपरिवर्तित रहती है परन्तु संतुलन मात्रा बढती है

39. सरकार द्वारा किसानों को उनके उत्पादन की खरीद के लिए प्रदान की जाने वाली सुनिश्चित न्यूनतम कीमत को कहते है -

A)उच्चतम कीमत

B)संतुलन कीमत

C)समर्थन कीमत

D) बाजार कीमत

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

40. Px = ₹5 पर, वस्तु - X के लिए मांग 30 इकाईयां है तथा वस्तु - X की पूर्ति 20 इकाईयां है, यह स्थिति है -

A)अतिरिक्त मांग की

B)अतिरिक्त पूर्ति की

C)संतुलन की

D)इनमे से कोई नहीं

41. जब अधिकतम कीमत संतुलन कीमत से कम निर्धारित की जाती है तो उच्चतम कीमत के कारण क्या होगा ?

A) अतिरिक्त मांग

B) अतिरिक्त पूर्ति

C) अभावी मांग

D) इनमे से कोई नहीं

42. पूर्ण प्रतियोगिता में एक वस्तु की संतुलित कीमत निर्धारित होती है -

A) केवल वस्तु की मांग द्वारा

B) केवल वस्तु की पूर्ति द्वारा

C) मांग तथा पूर्ति द्वारा

D) सरकार द्वारा

43. मांग में बिना परिवर्तन किये यदि पूर्ति घटा दी जाये तो इस स्थिति का संतुलन कीमत पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

A) कीमत में कोई परिवर्तन नही होगा

B) कीमत घट जाएगी

C) कीमत बढ जाएगी

D) इनमे से कोई नहीं

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

44. निम्नलिखित में से किसके अनुसार, " किसी वस्तु की कीमत मांग और पूर्ति की शक्तियों द्वारा निर्धारित होती है"?

A) जेवन्स

B) वालरस

C) मारशल

D) इनमे से कोई नहीं

45. एक बाजार अवस्था जिसमें केवल दो ही उत्पादक होते है इसे कहते है:

a) एकाधिकार

b) अल्पाधिकार

c) द्विधिकार

d) इनमें से कोई नहीं

46. अल्पाधिकार के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन सा सही नही है?

a) बड़ी फर्मों की छोटी संख्या

b) क्रेताओं के मध्य पूर्ण ज्ञान

c) फर्म का अनिर्धारणीय मांग वक्र

D) गैर – कीमत प्रतियोगिता

47. एक फर्म केवल कम कीमत पर ही वस्तु को अधिक मात्रा बेच सकती है।' आप इस कथन को किस बाजार से संबंधित करेंगे:

a) पूर्ण प्रतियोगिता

b) एकाधिकार

c) अल्पाधिकार

D) द्विधिकार

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

48. एकाधिकारी प्रतियोगिता बाजार की कौन सी विशेषता एकाधिकार बाजार के साथ मेल खाती है?

a) एक विक्रेता तथा क्रेताओं की बड़ी संख्या

b) कीमत पर पूर्ण नियंत्रण

c) प्रवेश और निकासी स्वतंत्रता

d) मांग वक्र का ढलान नीचे की ओर होना

**49. समष्टि अर्थशास्त्र की निम्नलिखित में से कौन सी विशेषताएं है?**

A)समष्टि अर्थशास्त्र में राष्ट्रीय आय, कुल रोजगार, सामान्य कीमत स्तर आदि का अध्ययन किया जाता है।

B)समष्टि अर्थशास्त्र में सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था से संबंधित नीतियों का अध्ययन किया जाता हैं

C)समष्टि आर्थिक चर समष्टि अर्थशास्त्र विषय सामग्री के महत्वपूर्ण भाग होते हैं।

D)उपरोक्त सभी।

**50. मूल्य- ह्रास आरक्षित कोष की आवश्यकता होती है -**

A)माल सूची स्टॉक के लिए

B)विज्ञापन के लिए

C)पुन: स्थापन निवेश के लिए

D) इनमे से कोई नहीं

**51. परिवारों द्वारा फर्मों को कारक सेवाएं प्रदान किए जाने पर होता है -**

A)वास्तविक प्रवाह

B)मौद्रिक प्रवाह

C)सेवाओं का प्रवाह

D)दोनो A तथा C

**52. एक अर्थव्यवस्था में एक लेखावर्ष की अवधि के दौरान सभी वस्तुओं तथा सेवाओं का उपभोग कहलाता है -**

A)समग्र मांग

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

B)समग्र पूर्ति

C)समग्र उपभोग

D)इनमें से कोई नहीं

53. शुद्ध पूंजी निर्माण के कारण:

A)उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है

B)मूल्य ह्रास में वृद्धि होती है

C)लाभ में वृद्धि होती है

D)लागत में वृद्धि होती है

54. निम्न में से कौन सी अर्ध टिकाऊ वस्तु है?

A)रेडियो

B)कपड़े

C)दूध

D)पेट्रोल

55. वे वस्तुएं जो मानवीय आवश्यकताओं को प्रत्यक्ष रूप से संतुष्ट करती है, कहलाती हैं:

A)मध्यवर्ती वस्तुएं

B)उपभोक्ता वस्तुएं

C)पूंजीगत वस्तुएं

D)इनमें से कोई नहीं

56. चार क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के चक्रीय प्रवाह में संतुलन के लिया शर्त निम्नलिखित में कौन सी है?

A)C + I

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

B)C + I + G

C)C + I + G + (X-M)

D)इनमें से कोई नहीं

57. प्राथमिकता क्षेत्र (Priority Sector) में शामिल होता है:

A)कृषि

B)खुदरा व्यापार

C)लघु उद्योग

D)इनमे से सभी

58. करों में वृद्धि के कारण वस्तुओं की कीमत में वृद्धि को NNPmp के अनुमान में उपयुक्त समझा जाता है, क्योंकि:

a) कर अनिवार्य भुगतान है

b) कर हस्तांतरण भुगतान है

c) कर परिवारों को आय में से दिया जाता है।

d) करों के कारण वस्तुओं की बाजार कीमतों में वृद्धि होती है जिन्हे अन्यथा कम कीमत पर बेचा जाएगा।

59. निम्नलिखित में से कौन GDP को कल्याण का एक अनुपयुक्त सूचकांक बनाता है?

a) गैर मौद्रिक लेन देन

b) बाह्यातायें

c) GDP का वितरण तथा रचना

d) उपर्युक्त सभी

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

60. एक लेखावर्ष के दौरान किसी देश की घरेलू सीमा में उत्पादन अंतिम वस्तुओं और सेवाओं (जिसमें मूल्यह्रास भी शामिल होता है), के बाजार मूल्य को कहा जाता है:

a) बाजार कीमत पर GDP

b) बाजार कीमत पर GNP

c) कारक लागत पर GDP

d) कारक लागत पर GNP

61. घरेलू उत्पाद बराबर है:

a) राष्ट्रीय उत्पाद + विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

b) राष्ट्रीय उत्पाद - विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

c) राष्ट्रीय उत्पाद ÷ विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

d) राष्ट्रीय उत्पाद × विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

62. वैयक्तिक प्रायोज्य आय=

a) वैयक्तिक आय + सरकारी प्रशासनिक विभागों द्वारा विभिन्न प्राप्तियां

b) वैयक्तिक आय + प्रत्यक्ष वैयक्तिक कर – सरकारी प्रशासनिक विभागों द्वारा विभिन्न प्राप्तियां

c) वैयक्तिक आय - प्रत्यक्ष वैयक्तिक कर - सरकारी प्रशासनिक विभागों द्वारा विभिन्न प्राप्तियां

d) निजी आय + प्रत्यक्ष कर

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

63. निम्न में से किसके कारण कारक लागत प्राप्त होती है?

a) बाजार कीमत – अप्रत्यक्ष कर

b) बाजार कीमत + अप्रत्यक्ष कर

c) बाजार कीमत – शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

d) बाजार कीमत + शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

64. निम्नलिखित में से कौन सा भारत के सामान्य निवासी का उदाहरण है?

a) भारत में स्थित विश्व स्वास्थ्य संगठन में काम करने वाले विदेशी मजदूर

b) भारत में स्थित अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यालय में काम करने वाले जर्मन निदेशक

c) भारत में शेष विश्व का राजदूत

d) शेष विश्व में भारत का राजदूत

65. भारत में राष्ट्रीय आय को मापने की किस विधि का प्रयोग किया जाता है?

a) उत्पादन संगणना प्रणाली

b) आय संगणना प्रणाली

c) व्यय संगणना प्रणाली

d) उत्पादन और आय संगणना प्रणाली

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

66. राष्ट्रीय आय एक माप है:

a) देश के कुल निर्यात की

b) देश के कुल आयत की

c) देश के कुल उत्पाद की

d) देश की कुल सरकारी आय की

67. प्रचालन अधिशेष = ______

a) लगान + लाभ + ब्याज

b) लगान+ ब्याज + कर्मचारियों की मिश्रित आय

c) राष्ट्रीय आय

d) इनमे से कोई नहीं

68. निम्नलिखित में से कौन सा अंतिम व्यय का एक भाग नही है?

a) सरकार द्वारा खरीदी गई उपभोक्ता वस्तुएं

b) शेष विश्व को निर्यात की गई उपभोक्ता वस्तुएं

c) किसानों द्वारा खरीदे गए बीज

d) सरकारी स्थिर निवेश आय

69. सेवाओं के स्वलेखा उत्पादन को राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं किया जाता, क्योंकि:

a) सेवाएं और वस्तुएं भिन्न होती है

b) सेवाएं उत्पादक नही होती है

c) ऐसी सेवाओं के बाजार मूल्य को मापनी कठिनाई आती है

d) इनमें से कोई नहीं

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

70. दोहरी गणना के फलस्वरूप राष्ट्रीय आय का:

a) अत्यधिक अनुमान लग जाता है

b) अल्प अनुमान लग जाता है

c) सही अनुमान लग जाता है

d) पूरे वर्ष का अनुमान लग जाता है

71. निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं किया जाता है, क्योंकि यह एक हस्तांतरण भुगतान है?

a) विदेशों में बसे आपके माता पिता द्वारा जन्मदिन के उपहार के रूप में भेजे गए चेक की प्राप्ति

b) अनिवासी भारतीयों द्वारा अर्जित मजदूरी को भारत में अपने माता पिता को भेजना

c) घरेलू उत्पादन पर उत्पादन मूल्य

d) उपरोक्त सभी

72. "यदि किसी देश में एक ही समय पर अच्छी और बुरी मुद्रा का चलन है तब बुरी मुद्रा की प्रवृत्ति अच्छी मुद्रा को चलन से बाहर करने की होती है।" यह कथन किस अर्थशास्त्री का है?

a) प्रो. मार्शल

b) प्रो. कीन्स

c) प्रो. सैलिगमैन

d) प्रो. ग्रेशम

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

73. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

a) मुद्रा एक अच्छा स्वामी है

b) मुद्रा एक अच्छा सेवक है, किंतु खराब स्वामी है।

c) मुद्रा एक अच्छा स्वामी है, किंतु खराब सेवक है

d) मुद्रा एक अच्छा स्वामी है और अच्छा सेवक है

74. निम्न में से कौन सा मुद्रा का प्रमुख कार्य नही है?

a) विनिमय का माध्यम

b) मूल्य का मापक

c) सामाजिक आय का वितरण

d) मुख्य का संचय

75. भारत में नोटों का निर्गमन का एकाधिकार किस बैंक को है?

a) भारतीय रिजर्व बैंक का

b) भारतीय स्टेट बैंक का

c) बैंक ऑफ इंडिया का

d) इनमे से किसी का भी नही

76. कीन्स के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा उद्देश्य मुद्रा की तरलता पसंदगी का नही है?।

a) सट्टा उद्देश्य

b) बचत उद्देश्य

c) कार्य सम्पादन उद्देश्य

d) दूरदर्शिता उद्देश्य

77. अधिकतम साख जो वाणिज्यिक बैंक कानूनी तौर पर सृजित कर सकता है, आधारित होता है:

a) स्वर्ण कोषों पर

b) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नकद आरक्षित अनुपात पर

c) वैधानिक तरलता अनुपात पर

d) सावधि जमाओं पर

78. चेक जमाएं वे जमाएं है:

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

a) जिनके बदले में किसी भी समय चेक जारी किया जा सकता है

b) जिनके बदले में कोई मुद्रा निकलवाई नही जा सकती है

c) जिनको सावधि जमाएं कहते है

d) उपरोक्त सभी

79. केंद्रीय बैंक देश का सर्वोच्च बैंक है जो:

a) देश की संपूर्ण बैंकिंग प्रणाली को नियंत्रित करता है

b) करेंसी जारी करता है

c) सरकार के बैंक का कार्य करता है

d) उपरोक्त सभी

80. वैधानिक तरलता अनुपात के अनुसार वाणिज्यिक बैंकों को अपनी तरल परिसंपत्तियों को:

a) नकद कोष के माध्यम से उत्पन्न करने की आवश्यकता है

b) स्वर्ण कोषों के माध्यम से उत्पन्न करने की आवश्यकता है

c) अनुमोदित प्रतिभूतियों के माध्यम से उत्पन्न रखने की आवश्यकता है

d) उपरोक्त सभी

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

81. निम्नलिखित में से कौन सा मौद्रिक नीति के साख नियंत्रित का एक मात्रात्मक उपाय नहीं है?

a) खुले बाजार की क्रियाएं

b) नकद आरक्षित अनुपात

c) नैतिक प्रभाव

d) रेपो दर

82. यदि मुद्रा स्फीति को रोकना है तो RBI:

a) SLR को बढ़ता है तथा CRR को कम करता है

b) SLR को कम करता है और CRR को बढ़ाता है

c) CRR तथा SLR दोनों को बढ़ता है

d) इनमे से कोई नहीं।

83. उपभोग फलन फलनात्मक संबंध है:

a) आय एवं बचत का

b) कीमत एवं उपभोग

c) आय एवं उपभोग का

d) आय, उपभोग तथा बचत का

84. निम्न में से कौन एक खुली अर्थव्यवस्था में समग्र मांग को दर्शाता है?

a) निजी (परिवार) उपभोग व्यय

b) निजी (परिवार) निवेश व्यय

c) सरकारी व्यय + निजी उपभोग व्यय

d) निजी उपभोग व्यय+ निजी निवेश व्यय+ सरकारी व्यय+ शुद्ध निर्यात

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

85. यदि समस्त अतिरिक्त आय अतिरिक्त उपभोग में परिवर्तित होती है तो गुणक का मूल्य होगा –

a) 2

b) 0

c) 1

d) Infinitive

86. यदि समग्र मांग में वृद्धि होती है तो समग्र पूर्ति में केवल तब वृद्धि होती है जब –

a) अतिरिक्त क्षमता होती है

b) विद्यमान संसाधनों का अल्प प्रयोग होता है

c) विद्यमान संसाधनों का अत्यधिक प्रयोग होता है

d) दोनो a तथा b

87. केंज ने उत्पादन के संतुलन स्तर की चर्चा की है :

a) स्वायत्त निवेश की अवधारणा का प्रयोग करके

b) प्रेरित निवेश की अवधारणा का प्रयोग करके

c) दोनो a तथा b

d) इनमे से कोई नहीं

88. अधि तथा न्यून मुद्रा की स्थितियों को ठीक करने के लिए सरकार की आय और व्यय नीति को कहते है:

a) मौद्रिक नीति

b) राजकोषीय नीति

c) दोनो a और b

d) इनमें से कोई नहीं

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

89. स्फीतिक अंतराल को ठीक करने के लिए राजकोषीय नीति के निम्नलिखित में से कौन से उपाय अपनाए जाने चाहिए?

a) करों में वृद्धि

b) सार्वजनिक व्यय में कमी

c) सरकारी ऋण में वृद्धि

d) उपरोक्त सभी

**90. प्राकृतिक बेरोजगारी उत्पन्न होती है:**

a) उत्पादन कारकों के अभाव के कारण

b) तकनीक में परिवर्तन होने पर समायोजित करने में लगने वाले समय के कारण

c) एक नौकरी से दूसरी नौकरी में हस्तांतरण होने में लगने वाले समय के कारण

d) दोनो a तथा b

**91. यदि समग्र मांग (AD) के स्तर में वृद्धि करनी होती है (जिसका अर्थ है AD वक्र का ऊपर की ओर खिसकाव) तो:**

a) स्वायत्त निवेश में वृद्धि होनी चाहिए

b) स्वायत्त उपभोग व्यय में वृद्धि होनी चाहिए

c) दोनो a तथा b

d) इनमें से कोई नहीं

**92. *'General Theory of Employment, Interest and Money'* नामक पुस्तक के लेखक कौन है?**

a) पीगू

b) माल्थस

c) जे एम कींस

d) मार्शल

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

93. सरकार बजट के माध्यम से निम्नलिखित में किन उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयास करती है?

a) आर्थिक विकास को प्रोत्साहन

b) संतुलित क्षेत्रीय विकास

c) आय एवं संपत्ति का पुनर्वितरण

d) उपरोक्त सभी

94. बजट संतुलन में तब होता है जब:

a) कुल व्यय = कुल प्राप्तियां

b) कुल व्यय < कुल प्राप्तियां

c) कुल व्यय > कुल प्राप्तियां

d) इनमें से कोई नहीं

95. यदि प्राथमिक घाटा ₹3,500 तथा ब्याज का भुगतान ₹500 है तो राजकोषीय घाटा होगा:

a) ₹2,900

b) ₹4,000

c) ₹4,100

d) ₹3,000

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

96. वह कर जो उत्पादन की विभिन्न अवस्थाओं में होने वाली मूल्य वृद्धि पर लगाया जाता है, कहलाता है:

a) निगम लाभ कर

b) प्रत्यक्ष व्यक्तिगत कर

c) मूल्य वृद्धि कर

d) इनमे से कोई नहीं

97. भारत सरकार के बजट में निम्नलिखित में से कौन सा राजस्व व्यय का एक भाग है?

a) व्याज का भुगतान

b) सुरक्षा के लिए खरीदी गई वस्तुएं

c) सरकार का वेतन बिल

d) उपरोक्त सभी

98. संतुलन विनिमय दर प्राप्त होती है जब:

a) विदेशी विनिमय की पूर्ति > विदेशी विनिमय के लिए मांग

b) विदेशी विनिमय की पूर्ति < विदेशी विनिमय के लिए मांग

c) विदेशी विनिमय की पूर्ति = विदेशी विनिमय के लिए मांग

d) दोनों a तथा b

99. जब प्रबंधित तरणशीलता के कारण विनिमय दर बढ़ती है तो उसे कहते है?

a) अवमूल्यन

b) मूल्यवृद्धि

c) मूल्य ह्रास

d) पुनर्मूल्यांकन

100. किस प्रणाली के अंतर्गत, विभिन्न देशों में प्रचलित विभिन्न करेंसियों के बीच समता की एक साझी इकाई स्वर्ण को माना जाता था?

a) विनिमय दर की ब्रेटन वुड्स प्रणाली

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

b) विनिमय दर की स्वर्णमान प्रणाली

c) नम्य विनिमय दर प्रणाली

d) विनिमय दर की प्रबंधित तरणशीलता प्रणाली

101. जब भुगतान शेष संतुलन में होता है तब:

a) चालू खाता + पूंजी खाता = शून्य

b) सरकारी कोष खाता चालू खाते का एक भाग होता है

c) सरकारी कोष खाता पूंजी खाते का एक भाग होता है

d) दोनों a तथा c

102. स्वायत्त मदें उन सौदों से संबंधित होती है जिनका:

a) निर्धारण लाभ को ध्यान में रखकर किया जाता है]'

b) संबंध भुगतान शेष को संतुलन की स्थिति में नहीं होता

c) दोनों a तथा b

d) इनमें से कोई नहीं

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

अर्थशास्त्र के सभी विषयों एवं कक्षाओं के नोट्स, प्रश्नोत्तर, सैंपल पेपर, वस्तुनिष्ठ प्रश्न, विगत वर्षों के प्रश्नपत्र, अभ्यास प्रश्नपत्र (हिंदी या अंग्रेजी माध्यम) के PDF आपको www.theeconomicsguru.com पर मिल जायेंगे।

इसके साथ ही सभी हिंदी माध्यम तथा अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिए Free **LIVE CLASS** भी उपलब्ध है, हमारे **YOUTUBE CHANNEL "THE ECONOMICS GURU"** पर । अभी **subscribe** कर लीजिये और ज्यदा से ज्यादा **शेयर** कर दीजिये अपने दोस्तों के बीच।

किसी भी प्रकार की समस्या के लिए आप हमसे सम्पर्क कर सकते है, YOUTUBE के कमेंट बॉक्स में कमेन्ट करें या वेबसाइट के Email वाले Option में जाकर **Email** करे या WhatsApp कर सकते है Website में लिंक दिया गया है।

धन्यवाद

नकुल ढाली

The Economics Guru

लाभार्थी बोर्ड:

CBSE, UK Board, UP Board, Bihar Board, MP Board, CG Board, Rajasthan Board, Haryana Board

साथ ही **BA; B.COM; MA** के सभी SEMESTER लिए भी अध्ययन सामग्री उपलब्ध है।

अभी VISIT करें www.theeconomicsguru.com

103.
104.

**Subscribe** my **YOUTUBE** channel **THE ECONOMICS GURU**

**Follow me:**

**Facebook**- *Nakul Dhali*

**Instagram**- *@dhali_sir*

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE